पाठ - 8

तितली और कली

कविता से

Q1. तितली कली के पास क्यों गई थी?

उत्तर : तितली कली के पास उसे जगाकर खेलने गई थी।

Q2. तितली और कली ने क्या खेल खेला?

उत्तर : तितली और कली ने पकड़म-पकड़ाई का खेल खेला।

Q3. तितली के क्या कहने पर कली खुश हो गई?

उत्तर : तितली द्वारा खेल खेलने की बात सुनकर कली खुश हो गई।

अंदाजा लगाओ

Q1. तितली कली के पास कब गई होगी?

सुबह ☐ दोपहर ☐ शाम ☐

उत्तर : तितली कली के पास सुबह गई होगी।

Q2. तुमने समय का अंदाज़ा कैसे लगाया?

उत्तर : सुबह के समय सारे फूल-पौधे, जीव-जन्तु, पुश-पक्षी उठ जाते हैं। अतः हमने अंदाज़ा लगाया कि तितली भी उसी समय गई होगी।

दो दो बार

Q1.

> ***गली-गली*** *का मतलब है सारी गलियाँ।*
> ***कली-कली*** *का मतलब है सारी कलियाँ।*

अब नीचे लिखे शब्दों का इस्तेमाल करते हुए वाक्य बनाओ-

घड़ी-घड़ी जगह-जगह घर-घर डाल-डाल

उत्तर : (1) घड़ी-घड़ी=घड़ियाँ- तुम घड़ी-घड़ी बाहर क्यों देख रही हो?

(2) जगह-जगह=जगहें- लोग जगह-जगह थूकने से बाज़ नहीं आते हैं।

(3) घर-घर=घरों- नेताजी के भाषण घर-घर सुने जाते थे।

(4) डाल-डाल=डालियाँ- बंदर डाल-डाल में जाकर कूद रहा था।

मिलते जुलते शब्द

Q1. कविता में से वे शब्द ढूँढ़ो जो सुनने में कली जैसे लगते हैं। जैसे- कली, भली।

उत्तर : गली, खिली, चली।

Q2. नीचे दिए गए शब्दों जैसे कुछ शब्द अपने मन से जोड़ो।

(i) .....बोलो..... .... (ii) ....तितली............ .... (iii) ....डाल......... ....

उत्तर : (i).....बोलो..... .....तोलो.... .....खोलो..... (ii) ....तितली............ ....मितली............ ....तिल्ली............ (iii).........डाल......... ....बाल........ ....ढाल........

महके सारी गली गली

Q1. महक तुम्हें अच्छी भी लग सकती है और बुरी भी। अच्छी लगने वाली महक को कहेंगे .... बुरी लगने वाली महक को कहेंगे ....

उत्तर : अच्छी लगने वाली महक को कहेंगे खुशबू। बुरी लगने वाली महक को कहेंगे बदबू।

Q2. ऐसी चीज़ों के नाम लिखो जिनकी महक तुम्हें पसंद है और जिनकी पसंद नहीं है।

पसंद है	पसंद नहीं है
....	....
....	....
....	....
....	....

उत्तर :

पसंद है	पसंद नहीं है
नहाने के साबुन की	कपड़े धोने वाले साबुन की
चमेली के फूलों की	पसीने की
कॉफी की	गंदी जुराबों की
खाने की	कूड़े की

Q3. (I) तुम्हारे आसपास ऐसे कौन-कौन से फूल हैं जिनकी बहुत तेज़ महक है? (ii) फूलों के नाम अपनी भाषा में लिखो।

उत्तर : (i) हमारे आसपास मोगरा, गुलाब के फूल खिलते हैं। इनकी बहुत तेज़ महक होती है। (ii) स्वयं करे

Q4. तुम्हारे घर में किस-किस तरह की महक आती है? (जैसे- साबुन या तेल की महक गुसलखाने से)

उत्तर : हमारे घर में इस तरह की महक आती है- रसोईघर- विभिन्न तरह के खाने की, सरसों के तेल की, कड़ी पत्ते की, अदरक-लहसुन की। बगीचे- मोगरे तथा अन्य फूलों की। कमरे- फिनाइल की, पिताजी के इत्र की, सिर पर लगाने वाले तेल की।

तुम्हारी बात

Q1. खेलने के लिए कली तुरंत जाग गई थी। तुम किस काम के लिए तुरंत जाग जाओगी और किस काम के लिए जागना पसंद नहीं करोगी? क्यों?

जागेंगे	नहीं जागेंगे
....	....
....	....
....	....
....	....

उत्तर : स्वयं करे

रंग बिरंगी

Q1.

हरी डाल पर लगी हुई थी
नन्ही सुंदर एक कली

कविता में पौधे की डाल हरे रंग की बताई गई है। नीचे लिखी चीज़ें किन-किन रंगों की हो सकती हैं?

....	तितली	....	सूरजमुखी
....	बैंगन	....	लड्डू
....	पेंसिल	....	प्याला
....	कुर्ता	....	साग
....	संतरा	....	मिट्टी

उत्तर : (i) तितली- हल्के हरे, गुलाबी, पीली, काली-भूरी बहुत से रंग की होती हैं। (ii) बैंगन- बैंगनी और हल्के हरे रंग के होते हैं। (iii) पेंसिल- फूलों वाली काली-लाल, तथा बहुत से रंगों की होती हैं। (iv) कुर्ता- सफ़ेद, लाल, पीला, बहुत से रंग का होता है। (v) संतरा- संतरी रंग का होता है। (vi) सूरजमुखी- यह फूल गहरे पीले रंग का होता तथा इसके बीज काले रंग के होते हैं। (vii) लड्डू- यह पीले रंग का होता है। (viii) प्याला- यह काले, सफ़ेद, लाल बहुत से रंग में मिलते हैं। (xi) साग- यह हरे रंग का होता है। (x) मिट्टी- यह भूरे, लाल, स्लेटी, पीली बहुत से रंग की होती है।